RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

### गुस्ताखी माफ

इतने वर्षों बाद अब, क्या होगा सरकार।
वर्षों पहले हजम कर, हम ले चुके डकार।
हम ले चुके डकार, कटा अब जाकर पर्चा।
फिर जायेंगे भूल, चंद दिन करके चर्चा।
कह साहिल कविराय, धरे हैं कहिए कितने।
क्या होगा सरकार, बाद वर्षों के इतने।




प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 97 | FRIDAY DATE 01-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## मजबूत रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते भारत की लॉजिस्टिक्स लागत घटकर 9 प्रतिशत हो जाएगी: गडकरी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत में तेजी से हो रहे सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के कारण लॉजिस्टिक्स लागत घटकर करीब 9 प्रतिशत तक आ जाएगी। एक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आईआईटी बैंगलोर, आईआईटी कानपुर और आईआईटी चेन्नई द्वारा छह महीने पहले किए गए शोध से पता चला है



कि रोड इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार से लॉजिस्टिक्स लागत पहले ही 6 प्रतिशत घटकर लगभग 10 प्रतिशत रह गई है। मंत्री ने कहा, 'पहले भारत में लॉजिस्टिक्स लागत जीडीपी का लगभग 16 प्रतिशत थी, जबकि चीन में करीब 18 प्रतिशत और अमेरिका व यूरोप में लगभग 12 प्रतिशत थी।' नितिन गडकरी ने यह बातें ईईपीसी इंडिया के 57वें नेशनल अवॉर्ड समारोह में कही। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीकी नवाचार और टिकाऊ तरीके निर्यात बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी हैं।

उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग निर्यात से विदेशी मुद्रा कमाने में मदद मिलती है, रोजगार पैदा होते हैं और उद्योगों का विकास होता है। मंत्री ने कहा कि देश में 36 ग्रीन एक्सप्रेसवे बनाए जा रहे हैं, जो लॉजिस्टिक्स लागत को काफी हद तक बदल देंगे। गडकरी ने यह भी बताया कि भारत का दोपहिया उद्योग अपने उत्पादन का करीब 50 प्रतिशत निर्यात कर रहा है।


## संक्षिप्त खबरें



### नड्डा ने नवाचार और समावेशिता पर 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की गरिमामयी उपस्थिति में नवाचार एवं समावेशिताः भारत के स्वास्थ्य भविष्य को आकार देने वाली सर्वोत्तम प्रथाएं विषय पर 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह शिखर सम्मेलन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करता है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में समावेशी, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाना है। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने में राज्य के नेतृत्व की सराहना की। मंत्री ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन दर्शाता है कि कैसे व्यावहारिक, जमीनी स्तर पर संचालित रणनीतियां सामूहिक रूप से एक प्रभावी और उत्तरदायी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को आकार दे सकती हैं। इस अवसर पर शुरू की गई पहलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि इन उपायों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए कार्य वातावरण को सुगम बनाना, सेवा वितरण को बेहतर बनाना और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इनका लक्ष्य ऐसी प्रणालियों को सक्षम बनाना है जो कुशल, एकीकृत और सेवा प्रदाताओं एवं लाभार्थियों दोनों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील हों। पिछले एक दशक में भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में हुए बदलावों पर विचार करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश ने विकसित भारत के दृष्टिकोण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

# ऑपरेशन सिंदूर को अपनी शर्तों व समय पर अंजाम दिया : राजनाथ



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।


ऑपरेशन सिंदूर ने वैश्विक स्तर पर स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत आतंकी हमले होने की स्थिति में अब केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की पुरानी मानसिकता से बंधा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने निर्णायक कार्रवाई के माध्यम से अपनी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अपनी शर्तों और अपने चुने हुए समय पर अंजाम दिया और इसे पूरी तरह अपनी शर्तों पर ही रोका। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित एक सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा, सरकार का दृढ़ रुख है कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवाद के किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक, हवाई हमले और ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खतरे के खिलाफ सरकार के दृढ़ रुख का प्रमाण बताया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान, हमने पूरी सटीकता के साथ केवल उन्हीं लोगों को निशाना बनाया, जिन्होंने हम पर हमला किया था। रक्षा मंत्री ने कहा, 'हमने ऑपरेशन इसलिए नहीं रोका, क्योंकि हमारी क्षमताएं खत्म हो गई थीं या कम हो गई थीं। हमने इसे पूरी तरह अपनी शर्तों पर रोका। हम लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष को जारी रखने के लिए पूरी तरह तैयार थे। हमारे पास आवश्यक अतिरिक्त क्षमता है और अचानक संकट के क्षणों में अपनी क्षमताओं को तेजी से बढ़ाने की अंतर्निहित शक्ति भी है।' राजनाथ सिंह ने कहा, 'आतंकवाद विकृत और कुटिल मानसिकता से उपजता है। यह मानवता पर एक काला धब्बा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला नहीं है, यह मूल रूप से मानवता के मूलभूत मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है। यह एक बर्बर विचारधारा के खिलाफ लड़ाई है जो हर मानवीय मूल्य के सीधे विरोध में खड़ी है। हमने इस भारतीय दृष्टिकोण को देश और विदेश दोनों जगह व्यक्त किया है।'

उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक आतंकवाद सामूहिक शांति, विकास और समृद्धि के लिए खतरा बना रहेगा, रक्षामंत्री ने कहा, 'आतंकवाद को धार्मिक रंग देकर या नक्सलवाद जैसी हिंसक विचारधारा से जोड़कर उसे जायज ठहराने की कोशिश की जाती है। यह बेहद खतरनाक है और एक तरह से आतंकवादियों को अपने लक्ष्य की ओर धीरे-धीरे बढ़ने में मदद करता है। आतंकवाद सिर्फ राष्ट्रविरोधी कृत्य नहीं है। इसके कई आयाम हैं - परिचालन, वैचारिक और राजनीतिक। इससे तभी निपटा जा सकता है जब हम इन सभी आयामों से निपटें।' राजनाथ सिंह ने कहा, 'भारत और पाकिस्तान दोनों को एक ही समय में स्वतंत्रता मिली। हालांकि, आज भारत को वैश्विक स्तर पर आईटी यानी सूचना प्रौद्योगिकी के लिए जाना जाता है, जबकि पाकिस्तान को एक अलग प्रकार की आईटी यानी अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का केंद्र माना जाता है।'

## लद्दाख का विकास स्थानीय हितों के अनुरूप हो : राहुल

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि लद्दाख में लोकतांत्रिक अधिकारों को दबाने का प्रयास हो रहा है और वहां के लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है। श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि लद्दाख के युवाओं ने उन्हें बताया है कि किस तरह से उनके क्षेत्र को एक तरह के 'पुलिस राज' में बदल दिया गया है। वहां लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है और स्थानीय लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने यह भी लिखा कि लद्दाख की जमीन और नाजुक पर्यावरण को कथित रूप से बड़े उद्योगपतियों के हितों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ी है। श्री गांधी ने स्पष्ट किया कि लद्दाख के लोग विकास के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि वे ऐसा विकास चाहते हैं जो स्थानीय समुदाय को रोजगार और आर्थिक लाभ पहुंचाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि गृह मंत्री अमित शाह अपने प्रस्तावित दौरे में क्षेत्र की वास्तविक स्थिति को समझेंगे और वहां के लोगों की चिंताओं पर ध्यान देंगे। गौरतलब है कि लद्दाख में हाल के वर्षों में राजनीतिक अधिकारों, जमीन और विकास मॉडल को लेकर असंतोष बढ़ा है।

जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के बाद केंद्र शासित प्रदेश बनने से वहां विधानसभा नहीं है, जिससे स्थानीय लोग अपने अधिकार सीमित होने की बात कहते हैं। इसके साथ ही वहां के लोग बाहरी निवेश और बड़े प्रोजेक्ट्स को लेकर जमीन, रोजगार और नाजुक पर्यावरण पर इसके असर की आशंका भी जता रहे हैं।

## महात्मा बुद्ध का अहिंसा, करुणा और शांति का संदेश संपूर्ण मानवता के लिए अमूल्य निधिः धामी

» देहरादून, यूटर्न/ 30 अप्रैल।

बैशाख पूर्णिमा पर एक मई को बुद्ध पूर्णिमा या बुद्ध जयंती का त्योहार मनाया जाएगा। इससे पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की जनता को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर संदेश जारी कर कहा कि महात्मा बुद्ध का अहिंसा, करुणा और शांति का संदेश संपूर्ण मानवता के लिए अमूल्य निधि है। सीएम धामी ने कहा कि महात्मा बुद्ध की शिक्षा हमें जीवन में नैतिक मूल्यों और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करती है। महात्मा बुद्ध ने विश्व कल्याण के लिए मैत्री भावना तथा बिना किसी भेदभाव के संगठित रहने पर बल दिया। मानव मात्र के लिए उनके संदेश सदैव ही प्रासंगिक बने रहेंगे। सनातन धर्म में पंचांग का



बेहद महत्व है। इसके पांचों अंगों (तिथि, वार, योग, करण व नक्षत्र) के आधार पर ही दिन की शुरूआत व शुभ-अशुभ समय का निर्धारण होता है। 1 मई को बैशाख पूर्णिमा है। हिंदू पंचांग के अनुसार यह दिन धार्मिक और शुभ कार्यों के लिए विशेष महत्व रखता है। शुक्रवार को पूर्णिमा तिथि रात 10 बजकर 52 मिनट तक रहेगी। इस दिन अभिजीत मुहूर्त और विजय मुहूर्त दोनों एक साथ पड़ रहे हैं, जो शुभ कामों के लिए बेहद अच्छा माना जाता है।

# असम में तीसरी बार 'कमल' खिलने के संकेत, इतनी सीटें मिलने का अनुमान

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।

पूर्वोत्तर राज्य असम में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव को लेकर टुडेज चाणक्य का एग्जिट पोल सामने आया है। इस एग्जिट पोल में असम में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन की सरकार बनती नजर आ रही है। टुडेज चाणक्य के एग्जिट पोल में भाजपा गठबंधन को 102 से 111 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, कांग्रेस गठबंधन के खाते में लगभग 23 से 32 सीटें आ सकती हैं। इसके साथ ही अन्य को भी एक से दो सीटें मिलने की उम्मीद है। अगर वोट प्रतिशत की बात करें तो एग्जिट पोल में भाजपा गठबंधन को 50 से 53 प्रतिशत वोट मिलने की बात कही जा रही है। इसके साथ ही कांग्रेस गठबंधन 38 से 41 प्रतिशत सीट हासिल कर सकता है। वहीं, अन्य के खाते में 12



से 15 प्रतिशत वोट जा सकता है। वहीं, शाइनिंग इंडिया के सर्वे में भाजपा को 126 में से 88 प्लस सीटें मिलने की उम्मीद जताई गई है। कांग्रेस को लगभग 31 सीटें, यूडीएफ को लगभग 4, और अन्य को 3 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। 19 सीटों पर नजदीकी मुकाबला बताया गया है। शाइनिंग इंडिया के सर्वे के अनुसार, अगर वोट प्रतिशत की बात करें तो भाजपा को 45.8 प्रतिशत मिल सकता है। वहीं, कांग्रेस को 37.5 प्रतिशत, यूडीएफ को 3.6 प्रतिशत, और अन्य को 8.9 प्रतिशत वोट मिल सकते हैं, जबकि 4.2 प्रतिशत वोटों को साइलेंट बताया गया है।

बता दें कि असम में 9 अप्रैल को 126 सीटों पर एक चरण में मतदान हुआ था। चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था, और मतदान प्रतिशत 85.38 दर्ज किया गया। हालांकि, राज्य में हुए भारी मतदान को कांग्रेस ने बदलाव बताते हुए जीत का संकेत दिया था। अगर पिछले विधानसभा चुनाव 2021 के नतीजों की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी ने 126 में से 60 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## वोट शेयर और सीटों की गणना अलग-अलग चीजें हैं : मनोज कुमार सिंह

» **नोएडा, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**

मैटराइज न्यूज कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर मनोज कुमार सिंह ने चुनावी आंकड़ों और रुझानों को लेकर महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। उन्होंने असम के मतदान प्रतिशत पर कहा कि वोट प्रतिशत से सीधे सीटों का अनुमान लगाना सही नहीं होता। मनोज कुमार सिंह ने आईएएनएस से कहा, 'वोट शेयर और सीटों की गणना अलग-अलग चीजें हैं। असम छोटा राज्य है, इसलिए वोट प्रतिशत में थोड़ा सा बदलाव भी बड़ा असर डाल सकता है। ऐसे में सिर्फ वोट प्रतिशत के आधार पर सीटों का अनुमान लगाना भ्रम पैदा कर सकता है।' असम के पिछले चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वह एकतरफा मुकाबला बन गया था। इसके पीछे कई कारण थे, लेकिन उन्होंने खास तौर पर कांग्रेस द्वारा लगाए गए एक आरोप को महत्वपूर्ण बताया। मनोज सिंह ने कहा, 'कांग्रेस ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी के पासपोर्ट को लेकर तीन देशों की नागरिकता का मुद्दा उठाया था। मुख्यमंत्री ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कार्रवाई भी हुई। इसके बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा असम छोड़कर चले गए, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच यह धारणा बनी कि उनका नेतृत्व कमजोर है।' तमिलनाडु चुनाव पर अपनी राय रखते हुए मनोज कुमार सिंह ने कहा कि वहां डीएमके की पकड़ मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा, 'एक नई पार्टी टीवीके से काफी उम्मीदें थीं, खासकर युवाओं के बीच उसका असर दिखा। इसके अलावा ईसाई वोट भी तमिलनाडु की राजनीति में अहम भूमिका निभाता है, जहां डीएमके की अच्छी पकड़ मानी जाती है, खासकर एमके स्टालिन के नेतृत्व में।' मनोज सिंह ने सीटों के संभावित आंकड़ों पर भी अपने पूर्वानुमान साझा किए। उन्होंने कहा, 'हमने अनुमान लगाया था कि डीएमके को लगभग 122 से 132 सीटें मिल सकती हैं, जिससे वह स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और किसी तरह की त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति नहीं बनेगी।

# पुलिस ने मोबाइल छीनने वाले एक आरोपी को पकड़ा, फोन बरामद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**



कल्याणपुरी पुलिस स्टेशन की टीम ने मोबाइल फोन स्नैचिंग के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से छीना गया मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि पूर्वी जिले में चोरी और झपटमारी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए कल्याणपुरी पुलिस स्टेशन के कर्मियों को गश्ती के लिए निर्देशित किया गया था, जिसके बाद एक टीम का गठन किया गया। टीम ने सक्रिय रूप से स्थानीय खुफिया जानकारी जुटाई, मुखबिरों को सक्रिय किया और संवेदनशील क्षेत्रों में रणनीतिक निगरानी की। पुलिस की ओर से बताया गया कि 27 अप्रैल को रात साढ़े आठ बजे ओम प्रकाश सिंह यादव नाम के एक शख्स ने झपटमारी की एक घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 19 वर्षीय नितिन को गिरफ्तार किया। उसके पास से मोबाइल बरामद किया गया।

वहीं, एक और मामले में पुलिस ने जानकारी दी कि मधु विहार पुलिस स्टेशन के ईआरवी स्टाफ ने चोरी की एक मोटरसाइकिल और गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत उसके पास से 71.58 ग्राम गांजा बरामद किया गया। 27-28 अप्रैल की दरमियानी रात ईआरवी स्टाफ ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को मोटरसाइकिल पर बैठे देखा। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और थोड़ी दूर तक पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि अपराध करते समय पकड़े जाने से बचने के लिए उसने मोटरसाइकिल अपनी निजी आवाजाही के लिए और आगे के चोरी की थी। उसने यह भी स्वीकार किया कि वह अपने निजी इस्तेमाल के साथ-साथ स्थानीय संपर्कों को छोटी मात्रा में बेचने के लिए भी गांजा खरीदता और अपने पास रखता था।

## चालक ने नकदी व जरुरी कागजात से भरा पर्स लौटाकर दिखाई ईमानदारी की मिसाल

» **अश्विनी वालिया**



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 30 अप्रैल। आज के समय में ईमानदारी की मिसाल कायम कर रहें हैं। ऐसी ही एक मिसाल रेडक्रॉस सोसायटी में कार्यरत चालक धर्मपाल ने कायम की है।

गांव बिलौचपुर निवासी व वर्तमान में जिला रेडक्रास सोसायटी में चालक के पद पर कार्यरत धर्मपाल को न्यायालय परिसर के पीछे वाले क्षेत्र में एक पर्स गिरा हुआ मिला। जांच में पाया कि पर्स में नकदी व कुछ जरूरी कागजात थे। पैसों से भरा पर्स होने के बावजूद भी धर्मपाल का ईमान नहीं डगमगाया और उसने पर्स के बारे में आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं बताई।

धर्मपाल ने कहा कि पर्स से मिले कागजात से संबंधित का फोन नंबर और घर का एड्रेस लिया। उस नंबर पर बार-बार संपर्क किया, लेकिन फोन नंबर बंद होने के कारण संपर्क नहीं हो सका। फिर इसकी जानकारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह को दी। इस जानकारी में पता चला कि ये पर्स उनके पड़ोसी का है। उन्होंने कहा कि जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह ने उसके सामने ही पर्स मिलने की सूचना अपने पड़ोसी को दी। जवाब में पड़ोसी ने उन्हें पर्स अपने पास ही रखने को कहा और इसके साथ ही बताया कि पर्स में उसके कागजात थे, जिस कारण वो बहुत ही परेशान था और उसने इसकी सूचना पुलिस को देने का मन बना लिया था। पर्स मिलने के बाद वो बहुत ही खुश हुए।

# भाजपा प्रत्याशी को जितवाने से होगा और अधिक विकास: कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा

### भाजपा को मिल रहा है अपार समर्थन, निकिता गोयल को लड्डुओं से तोला गया

» **हरियाणा, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**






पालिका चुनाव को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हैं। इसी कड़ी में भाजपा प्रत्याशी निकिता गोयल के समर्थन में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी को जितवाने से क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में भाजपा को अपार समर्थन मिल रहा है और आगामी चुनावों में तीन मेयर, तीन नगर पालिका व एक नगर परिषद का अध्यक्ष भी भाजपा का बनने जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता के दिलों में भाजपा बसी हुई है और पार्टी का संकल्प पत्र क्षेत्र को विकासशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हर वर्ग एवं समाज भाजपा के साथ खड़ा है और सरकार की भागीदारी से क्षेत्र में विकास कार्यों को और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपरा ने बताया कि मंत्री रणबीर गंगवा ने सुनील खेरी, रणवीर सिंह फौजी (शटरिंग स्टोर), कृष्ण इंसा, सहीराम व ओम प्रकाश के साथ सुशील की फैक्ट्री में आयोजित सभा में भाग लिया, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया एवं अश्विन मित्तल व गुलशन आहूजा (प्रबंधक निदेशक, गुडविल हाइब्रिड सीड्स) के प्रतिष्ठान पर बलवान सिंह प्रजापति व मोतीलाल टांक के आवास पर जलपान ग्रहण कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की गई।

भाजपा प्रत्याशी निकिता गोयल को कार्यकर्ताओं व समर्थकों द्वारा लड्डुओं से तोलकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम संजय जैन के आवास पर उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुआ। कार्यक्रमों में शमशेर गिल, डॉ. शमी नागपाल, आदित्य आहूजा, करण आहूजा, वासु आहूजा, रामेश्वर दास भाटीवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रणधीर सिंह, अशोक गर्ग, हरीश गर्ग, सुरेश गर्ग, पवन कृष्ण गर्ग, अरुण भोरिया, प्रभारी लाल जैन, संजय जैन, चांदीराम जैन, ईश्वर जैन, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# लिस अधीक्षक ने आर्थिक अपराध शाखा के कर्मचारियों के साथ की गोष्ठी, दिए दिशा-निर्देश



» **अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र**

पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2026 में दर्ज आर्थिक अपराध से सम्बंधित मुकदमों में की जा रही कारवाई की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कबूतरबाजी व धोखाधड़ी के मामलों में गहनता से जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों की जांच को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जाए तथा प्रत्येक केस में तथ्यों और साक्ष्यों का सूक्ष्मता से विश्लेषण किया जाए। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराध सीधे तौर पर आम नागरिकों की मेहनत की कमाई से जुड़े होते हैं, इसलिए ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि धोखाधड़ी के मामलों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए आरोपियों तक जल्द से जल्द पहुंच बनाकर काबू किया जाए।

साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए संबंधित टीमों को तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनने तथा विशेषज्ञ एजेंसियों के साथ समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया। कबूतरबाजी से जुड़े मामलों में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे गिरोहों पर सख्त कार्रवाई की जाए, जो लोगों को विदेश भेजने के नाम पर ठगी करते हैं। उन्होंने पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आमजन का विश्वास बनाए रखना पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और इसे हर हाल में कायम रखा जाना चाहिए।

## हस्तलिखित पांडुलिपियों को एक सप्ताह में ज्ञान भारतम डॉट कॉम पर करें अपलोड : पंकज सेतिया



» **अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 30 अप्रैल। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि भारतीय संस्कृति पर आधारित जिस पर व्यक्ति के पास हस्तलिखित पांडुलिपियां हैं वह व्यक्ति आगामी एक सप्ताह के अंदर अंदर ज्ञान भारतम डॉट कॉम पर अपलोड कर सकता है।

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया वीरवार को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के कार्यालय में हस्तलिखित पांडुलिपियों के संदर्भ में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक प्रमुख राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य भारत की प्राचीन पांडुलिपियों को खोजना, उनका संरक्षण करना और उन्हें डिजीटाइज करना है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस संदर्भ में नगर परिषद के सभी पार्षदों के साथ बैठक करके उन्हें बताएं, ताकि संबंधित पार्षद अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को बताएं कि किसी के पास अगर हस्तलिखित पांडुलिपि है तो वह ज्ञान भारतम डॉट कॉम पर अपलोड कर सकता है या फिर केडीबी के कार्यालय में आकर फोटो के रूप में दे सकता है। उन्होंने कहा कि उस व्यक्ति की हस्तलिखित पांडुलिपि उसी के पास रहेगी, लेकिन उसकी हस्तलिखित पांडुलिपि पोर्टल पर अपलोड होगी, ताकि आम व्यक्ति उसे देख सके। मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला के सभी स्कूलों में प्रेयर के टाइम बच्चों को इस विषय के बारे में बताएं, ताकि वो घर जाकर अपने माता पिता को इसकी जानकारी दे सके।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# नि:शुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर का सफल आयोजन बरवाला, हिसार

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 30 अप्रैल। नेशनल हॉस्पिटल, बरवाला के निदेशक कृष्ण दुहान के नेतृत्व में, हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन के सहयोग से एक निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सहारा प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके जीवन में नई आशा का संचार करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी सुभाष बराला सांसद (राज्यसभा) उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. मंदीप मलिक ने की। विशिष्ट अतिथियों में प्रवीण पोपली (मेयर, हिसार), कृष्ण जी (चेयरमैन, हांसी), रणधीर धीरू (चेयरमैन, मार्केट कमेटी, बरवाला), संजीव (प्रधान, जाट धर्मशाला, हिसार), राजेश भूरा (समाजसेवी), मांगे राम गुप्ता (सचिव, हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन), रामनिवास गुप्ता (कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन), तथा अधिवक्ता अक्षय दुहान जी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ, जिसके उपरांत अतिथियों का स्वागत शॉल, श्रीफल, पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सहाना वी.एम. वत्स द्वारा किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि चौ. सुभाष बराला जी ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. मंदीप मलिक जी ने कहा कि सेवा और संवेदना ही समाज को आगे बढ़ाने का आधार हैं तथा ऐसे आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा एक लाभार्थी को कृत्रिम अंग प्रदान कर शिविर का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात कुल 40 लाभार्थियों को कृत्रिम अंग वितरित किए गए, जिससे उनके जीवन में नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस अवसर पर शिविर से जुड़े सभी चिकित्सकों एवं टीम सदस्यों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नेशनल हॉस्पिटल की टीम का विशेष योगदान रहा, जिसमें डॉ. ज्योति दुहान, डॉ. प्रीति एवं डॉ. सुनील कुमार की सक्रिय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. त्रिभुवन पारीक जी, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, नेशनल हॉस्पिटल, बरवाला द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और इसे अत्यंत सराहनीय पहल बताया।



# ओ.एस.जी.यू में भवन अग्नि सुरक्षा पर विशेष व्याख्यान

» **हरियाणा, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**

भवनों की योजना और डिजाइन में अग्नि सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करने के लिए ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में एक विशेष 'विशेषज्ञ व्याख्यान' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजाइन के प्रोफेसर और विख्यात विशेषज्ञ प्रो.नागेंद्र नारायण रहे। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने अपने संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया।अपने संबोधन में डॉ. नारायण, ने आधुनिक निर्माण में बढ़ते अग्नि जोखिमों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, एक वास्तुकार की जिम्मेदारी केवल सुंदर भवन बनाना नहीं, बल्कि उसे सुरक्षित बनाना भी है। 'प्लानिंग और डिजाइन' के स्तर पर ही अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करके हम अनगिनत जान-माल की रक्षा कर सकते हैं।

ओएसजीयू के कुलपति डॉ. एन. पी. कौशिक व ग्रुप सीओओ एंड प्रोवोस्ट ने अपने संदेश में कहा कि इस तरह के अकादमिक सत्र विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रवीण सहगल द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस व्याख्यान का उद्देश्य भविष्य के आर्किटेक्ट्स और इंजीनियरों को नवीनतम सुरक्षा उपकरणों और बिल्डिंग कोड्ससे परिचित कराना था। कार्यक्रम के अंत में डीन डॉ बीना दीक्षित ने वोट्स ऑफ थैंक्स किया। सत्र में प्रश्न-उत्तर दौर का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने भवनों के 'इवैक्युएशन प्लान' और 'फायर रेजिस्टेंट मैटेरियल्स' के बारे में अपनी शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर इंजीनियर एवं टेक्नोलॉजी और स्कूल ऑफ फाइनट्र्स एंड परफॉर्मिंग विभाग के अन्य फैकल्टी सदस्य और छात्र उपस्थित रहे।

# गीता कन्या विद्यालय में किशोरियों के स्वास्थ्य से संबंधित मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन

» परमिंदर सिंह





कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 30 अप्रैल। विद्या भारती हरियाणा के अंतर्गत अमीन मार्ग पर स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किशोरियों के स्वास्थ्य से संबंधित विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन कार्यक्रम एवं महत्वपूर्ण अभिभावक अध्यापक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ प्रदीप गोयल, महिला विशेषज्ञ डॉ पूनम गासो एवं मुख्य वक्ता मेडिकल महिला संगठन की प्रधान डॉ आशा शर्मा रहे ' विद्यालय प्राचार्य जी ने अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेटी के स्वास्थ्य के लिए मां को जागरूक करना रहा ' डॉ प्रदीप गोयल जी ने बताया महिलाओं में एक गंभीर बीमारी भारत में अपने पैर पसार रही है जिसने सबसे अधिक महिलाओं को अपना शिकार बनाया। महिलाओं में बहुत अधिक समस्याएं सामने आने के कारण सरकार की ओर से /गर्भाशय मुख का कैंसर)का कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस गंभीर बीमारी को ध्यान में रखते हुए टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया गया। जिसमें सरकार की ओर से 14 से 15 वर्ष तक की लड़कियों को ल्ढश ५ूल्ली लगाने की अनिवार्यता है जिससे भारत की बच्चियों को इस बीमारी से बचाया जा सकता है इस वैक्सीन के अभाव में महिलाओं में एक गंभीर बीमारी जिसे सर्वाइकल कैंसर के नाम से भी जाना जाता है पनप रही है।लेकिन आजकल सोशल मीडिया में इसके बारे में बहुत अधिक भ्रम फैलाया जा रहा है कि टीका लगवाया तो इसके दुष्परिणाम होंगे लेकिन डॉ प्रदीप गोयल ने इस भ्रम को दूर करते हुए बताया कि यह टीका महिलाओं के जीवन को बचा सकता है ।इसके बारे में माताओं और छात्राओं को जागरूक किया। मुख्य वक्ता डॉ आशा शर्मा ने सभी को बताया कि इस वैक्सीन के क्या-क्या फायदे हैं उन्होंने सभी माताओं को यह वैक्सीन अपनी बच्चियों को लगाने का अनुरोध किया और उसके दुष्परिणाम भी बताए। अगर हम दैनिक जीवन में जंक फूड, मसाले वाले भोजन आदि से अपने आप को दूर रखें और प्रतिदिन फल, सब्जी, घर का भोजन, योग, प्राणायाम करें तो हम इस बीमारी से अपने आप को बचा सकते हैं।

डॉ पूनम ने बताया कि सभी माताएं अपनी बच्चियों को यह टीका अवश्य लगवाएं इसके कोई भी दुष्परिणाम नहीं है। केवल टीकाकरण से ही हम इस गंभीर बीमारी से अपनी आने वाली भावी पीढ़ी को बचा सकते हैं। आचार्य अभिभावक बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति, अनुशासन तथा सर्वांगीण विकास पर चर्चा करना था। अभिभावकों ने भी अपने सुझाव और समस्याएं सांझा की। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना की तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षकों के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया।

# सपा-कांग्रेस ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर देश को गुमराह करने का प्रयास किया : योगी

**लखनऊ, यूटर्न/ 30 अप्रैल।** महिला आरक्षण विधेयक को लेकर उत्तर प्रदेश विधानमंडल के विशेष सत्र से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने दोनों दलों को 'महिला विरोधी' करार देते हुए कहा कि उनके आचरण के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने के लिए ही यह सत्र बुलाया गया है। विधानसभा में गुरुवार को मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर देश को गुमराह करने का प्रयास किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संशोधन में सहयोग करने का अवसर भी गंवा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा के शासनकाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध चरम पर थे और उस दौर में देख सपाई, बिटिया घबराई जैसा नारा आम हो गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा और कांग्रेस का राजनीतिक आचरण लंबे समय से महिला विरोधी रहा है, जिसे देश भली-भांति जानता है। योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि यदि उनमें साहस है तो वे सदन में चर्चा में भाग लें और अपने व्यवहार के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

# महात्मा बुद्ध : जीवन, दर्शन और प्रासंगिकता

» निर्मल सिंह



पानीपत, यूटर्न/ 30 अप्रैल। मानव सभ्यता के इतिहास में कुछ ऐसे महापुरुष हुए हैं जिन्होंने केवल अपने समय को ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मार्गदर्शन प्रदान किया। ऐसे ही महानतम विभूतियों में महात्मा बुद्ध का नाम सर्वोपरि है।उन्होंने संसार को सत्य, अहिंसा, करुणा, प्रेम और मध्यम मार्ग का संदेश दिया।उनका दर्शन केवल धार्मिक उपदेश नहीं बल्कि जीवन जीने की एक कला है।आज जब संसार हिंसा, अशांति, युद्ध, भौतिकवाद, पर्यावरण संकट, मानसिक तनाव और सामाजिक असमानताओं से जूझ रहा है, तब बुद्ध के विचार पहले से अधिक प्रासंगिक प्रतीत होते हैं।महात्मा बुद्ध का जीवन त्याग, तपस्या, ज्ञान और लोककल्याण का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने मानव जीवन के दुःखों का समाधान खोजकर 'धम्म' के रूप में संसार को अमूल्य उपहार दिया। उनके विचारों पर चलने वाले अनेक महापुरुषों—जैसे महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, दलाई लामा, मार्टिन लूथर किंग जूनियर आदि—ने उनके सिद्धांतों को अपनाकर समाज परिवर्तन का कार्य किया।

महात्मा बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व नेपाल के लुम्बिनी में हुआ था। उनके पिता शुद्धोधन कपिलवस्तु के शाक्य गणराज्य के राजा थे और माता महामाया थीं। जन्म के सात दिन बाद माता का देहांत हो गया, इसलिए उनका पालन-पोषण उनकी मौसी महाप्रजापति गौतमी ने किया।उनका बचपन का नाम सिद्धार्थ था।जन्म के समय ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी की थी कि बालक या तो चक्रवर्ती सम्राट बनेगा या महान संन्यासी।पिता चाहते थे कि वे राजा बनें, इसलिए उन्हें सभी सांसारिक सुख-सुविधाएँ प्रदान की गईं।

चार दृश्य और वैराग्यः युवावस्था में सिद्धार्थ का विवाह यशोधरा से हुआ और राहुल नामक पुत्र हुआ। परंतु एक दिन उन्होंने महल से बाहर निकलकर चार दृश्य देखे—वृद्ध व्यक्ति ,रोगी ,मृत व्यक्ति ,संन्यासी। इन दृश्यों ने उन्हें जीवन के सत्य से परिचित कराया।

# दिल्ली से भेजे गए दो बच्चे कानपुर के राजकीय बाल सुधार गृह से भागे, तलाश जारी, सुराग अब तक नहीं

» सुनील बाजपेई



कानपुर, यूटर्न/ 30 अप्रैल। यहां राजकीय बाल सुधार गृह से पढ़ने के लिए जाते समय फरार हुएदो बच्चों का सुराग अभी तक नहीं मिल पाया है । उनकी तलाश लगातार की जा रही है ,लेकिन उनका सुराग समाचार लिखे जाने तक नहीं मिल पाया है। फरार हुए बच्चों में एक बच्चा शहर का है, जबकि दूसरा फतेहपुर का रहने वाला है। घटना के बाद अधीक्षक ने कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के मुताबिक फतेहपुर के हेजड़ी नीम बाकरगंज चौकी क्षेत्र निवासी 12 वर्षीय बालक और कानपुर के गंगापुर कॉलोनी, आजाद नगर निवासी 15 वर्षीय किशोर दिल्ली में गुमशुदा हालत में मिले थे।

इसके बाद दोनों को कानपुर के कल्याणपुर स्थित राजकीय बालक गृह भेजा गया, जहां उनकी देखरेख की जा रही थी। बच्चों का दाखिला पास के स्कूल में भी कराया गया था।

यह घटना सुबह तब हुई जब करीब 10 बजे दोनों बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल भेजा गया था, लेकिन दोपहर करीब 12 बजे दोनों स्कूल से ही फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही राजकीय बालक गृह में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने तुरंत बच्चों की तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद मामले की रिपोर्टकल्याणपुर थाने में दर्ज कराई गई है । इस बारे में जानकारी देते जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि अधीक्षक रतन की ओर से मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस दोनों बच्चों की तलाश में जुटी है लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# हर तरफ भगवा रंग दिखाई दे रहा, 4 मई को सब झालमुड़ी और जलेबी खाएंगे : कपिल मिश्रा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल सामने आने के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने इन एग्जिट पोल को बदलाव का संकेत बताते हुए बड़ा दावा किया है। दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया देते हुए आईएएनएस से कहा, '4 मई आने वाली है और हर तरफ भगवा रंग दिखाई दे रहा है। अब जनता का मूड साफ समझ में आ रहा है। मेरा मानना है कि हमें 4 मई की शाम तक



इंतजार करना चाहिए, उस दिन सब झालमुड़ी और जलेबी खाएंगे।'

वहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, 'यह होना तय था। जनता ने अपना पूरा आशीर्वाद दिया है। पश्चिम बंगाल में बदलाव निश्चित है और यह 4 मई को नतीजों में साफ दिखाई देगा।'

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी इसी तरह का दावा करते हुए कहा, 'इस बार पश्चिम बंगाल की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। बदलाव निश्चित रूप से होने जा रहा है।' इससे पहले बुधवार को भी भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने एग्जिट पोल पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा, 'यह एग्जिट पोल 100 प्रतिशत बदलाव में बदल जाएगा। पश्चिम बंगाल की जनता ने सालों तक लेफ्ट फ्रंट की गुंडागर्दी देखी है, उसके बाद ममता बनर्जी की सरकार में भी वही हालात रहे।'

भाजपा सांसद चंदोलिया ने कहा कि पूरे चुनाव के दौरान तृणमूल कांग्रेस के लोगों ने गुंडागर्दी की और हताशा भरे बयान दिए। उन्हें पता है कि अब उनकी विदाई तय है। उन्हें मुख्यमंत्री आवास के साथ अपना बोरिया-बिस्तर बांध लेना चाहिए।'

भाजपा नेताओं के बयानों से साफ है कि पार्टी को पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन की पूरी उम्मीद है। अब सभी की नजरें 4 मई को आने वाले चुनाव परिणामों पर टिकी हैं कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी की सत्ता कायम रहती है या भाजपा की सरकार बनती है।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रों ने सीखा मीडिया का व्यावहारिक ज्ञान

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 अप्रैल।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के लिबरल आर्ट्स एवं मीडिया स्टडीज संकाय के तहत साहित्य एवं भाषा विभाग के छात्रों ने बुधवार को रेडियो महारानी 89.6 का भ्रमण किया। इसका उद्देश्य छात्रों को यह समझाना था कि अच्छी और प्रभावशाली सामग्री बनाने में भाषा की कितनी अहम भूमिका होती है। साथ ही, यह भी बताया गया कि लिखी हुई स्क्रिप्ट को लाइव प्रसारण में बदलने के लिए रचनात्मकता के साथ तकनीकी ज्ञान जरूरी होता है। भ्रमण के दौरान छात्रों ने रिकॉर्डिंग स्टूडियो और ऑन-एयर रूम का दौरा किया। उन्होंने देखा कि किस तरह तकनीकी टीम और कंटेंट बनाने वाले लोग मिलकर काम करते हैं। यह कार्यक्रम प्रो. दिव्या ज्योति सिंह की देखरेख में हुआ।

### बैंक कर्मी बन कर बुजुर्ग से 1.86 लाख रुपये ठगे



**लोनी, यूटर्न/ 30 अप्रैल।** साइबर ठग ने बैंक कर्मी बन कर अहिंसा खंड-दो स्थित निहो स्कॉटिश सोसायटी निवासी बुजुर्ग से 1.86 लाख रुपये ठग लिए। घटना के छह माह बाद इंदिरापुरम थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस अब ठगों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि शिकायत अभी दी गई है। सोसायटी निवासी प्रमोद कुमार अग्रवाल ने बताया कि वह पेंशन को लेकर कागजी कार्रवाई कर रहे थे। बीते 15 अक्तूबर 2025 को उनके फोन पर एक नंबर से कॉल आई। उसने अपने आप को बैंक कर्मी बताया और उनका जीवित प्रमाण पत्र मांगा। उन्हें लगा पेंशन के संबंध में बैंक से जानकारी मांगी है। विश्वास कर जालसाज के भेजे लिंक पर क्लिक कर अपने डेबिट कार्ड की जानकारी भी दे दी। कुछ समय बाद पीएनबी के एप खोला तो पता चला कि 1.86 लाख रुपये कट गए। इसके बाद रुपये ट्रांसफर होने का मैसेज मिला। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और साइबर थाने में शिकायत की। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत आने पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। नंबर के आधार पर जालसाज की पहचान के प्रयास कर रहे हैं।

# दिल्ली नगर निगम के निलंबित ASI ने कार्यालय की तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

» **दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**

बुधवार को जोन में तैनात असिस्टेंट सेनेटरी इंस्पेक्टर (एएसआई) ने तीसरी मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। मृतक की शिनाख्त राजकुमार सोलंकी (58) के रूप में हुई है। दरअसल काम ठीक से न करने की वजह से करीब तीन माह पूर्व राजकुमार सोलंकी को तत्कालीन निगम उपायुक्त ने निलंबित कर दिया था। इसके बाद से वह ड्यूटी पर वापस बहाल करने के लिए अधिकारियों के पास चक्कर काट रहे थे।

बुधवार दोपहर को भी वह कई अधिकारियों से मिले। इसके बाद भी जब बात नहीं बनी तो उन्होंने तीसरी मंजिल से नीचे छलांग लगा दी। एएसआई के कूदते ही निगम कार्यालय में हड़कंप मच गया। मौके पर कर्मचारियों की भीड़ जुट गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। बाद में उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मृतक के परिजनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि मृतक का शव करीब दो घंटे घटना स्थल पर पड़ा रहा। किसी ने उनको अस्पताल ले जाने की कोशिश नहीं की। बाद में



पुलिस ने शव उठाकर भेजा।

उत्तर-पूर्वी जिला के पुलिस उपायुक्त ने बताया कि राजकुमार अपने परिवार के साथ सबोली गांव में रहते थे। इनके परिवार में पत्नी और एक बेटा है। राजकुमार नगर निगम के डेम्स विभाग में तैनात थे। फिलहाल इनकी तैनाती सुंदर नगरी वार्ड में थी। तीन माह पूर्व तत्कालीन निगम उपायुक्त अभिषेक मिश्रा ने उन्हें सफाई ठीक से न कराने पर निलंबित कर दिया था।

इसके बाद से लगातार राजकुमार परेशान चल रहे थे। बुधवार शाम करीब चार बजे उन्होंने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। पुलिस जांच कर रही है कि राजकुमार खुद कूदे या वह किसी हादसे का शिकार हुए। उनके इस कदम से नगर निगम कर्मचारी हैरान थे। निगम कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से मामले की जांच कर रही है।

# लोगों की शिकायतों का समय पर समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है: सिरसा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लोगों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए लगातार ऐसे कदम उठा रही है, जिससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आसानी से सुविधा मिल सके।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के मार्गदर्शन में, 2 मई से दिल्ली के सभी जिला कार्यालयों में 'जन सुनवाई कैंप' शुरू कर रहा है। ये कैंप हर शनिवार सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित होंगे, जहां लोग राशन कार्ड से जुड़ी अपनी समस्याएं–जैसे नया कार्ड बनवाना, सुधार, पात्रता, और वितरण से जुड़े मुद्दे–सीधे अधिकारियों के सामने रख सकेंगे और समाधान प्राप्त कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि राशन कार्ड से जुड़े सभी मामलों को प्राथमिकता के साथ निपटाया जाए, खासकर वे मामले जहां लोगों को लगता है कि उनके कार्ड गलत तरीके से बंद हो गए हैं। ऐसे मामलों में लोग कैंप में आकर तुरंत आवेदन कर सकते हैं और मौके पर ही समाधान पा सकते हैं।

यह पहल सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (पीडीएस) को मजबूत, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा रहा है। जिन लोगों को राशन कार्ड से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या है, वे अपने नजदीकी जिला कार्यालय में तय समय पर जाकर आवेदन या शिकायत दर्ज करा सकते हैं और वहीं समाधान पा सकते हैं।

मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, 'हम लोगों और सरकारी सेवाओं के बीच की दूरी को कम कर रहे हैं और शिकायतों के समाधान को लोगों के दरवाजे तक ला रहे हैं। कोई भी पात्र परिवार अपने



हक से वंचित नहीं रहेगा।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं सभी पात्र नागरिकों से अपील करता हूं कि वे इन कैंप में जरूर आएं और हमारी जिम्मेदार व्यवस्था का लाभ उठाएं।'

खाद्य आपूर्ति विभाग ने इन कैंप के सफल संचालन के लिए विशेष टीमों की व्यवस्था की है, जो मौके पर ही जांच और समाधान सुनिश्चित करेंगी। प्राप्त शिकायतों को डिजिटल तरीके से ट्रैक किया जाएगा, ताकि समय पर फॉलो-अप हो सके और जवाबदेही बनी रहे। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन के अनुरूप है, जिसमें तकनीक आधारित और भ्रष्टाचार मुक्त पीडीएस के जरिए हर जरूरतमंद तक खाद्य सुरक्षा पहुंचाई जा रही है। जिला कार्यालयों की जानकारी और सेवाओं के लिए नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर जा सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1967 या 14445 पर संपर्क कर सकते हैं।

# द्वारका सेक्टर-24 के गोल्फ कोर्स में बने तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**

दिल्ली के द्वारका इलाके में एक कृत्रिम तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। यह घटना सेक्टर 24 में हुई, जहां दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जमीन पर एक गोल्फ कोर्स बनाया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने घटना की पुष्टि की है।

पुलिस के अनुसार, द्वारका के सेक्टर 23 पुलिस स्टेशन में सुबह लगभग 7.07 बजे एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें गोल्फ कोर्स परिसर के अंदर स्थित एक तालाब में तीन बच्चों के डूबने की सूचना दी गई थी। तुरंत कार्रवाई करते हुए एसएचओ पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। अन्य आपातकालीन एजेंसियों को भी तुरंत सूचित किया गया। मौके पर पहुंचने पर, अधिकारियों ने 8 से 10 साल की उम्र के तीन बच्चों को तालाब में डूबा हुआ पाया। दमकल विभाग की मदद से तीनों को पानी से बाहर निकाला गया। हालांकि, उन्हें मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। शुरूआती जांच से पता चलता है कि बच्चे शायद देर शाम



बाउंड्री वॉल फांदकर परिसर में घुसे थे। उनके कपड़े तालाब के बाहर मिले, जिससे पुलिस को शक है कि वे वहां नहाने गए थे और गलती से डूब गए। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि विस्तृत जांच के बाद ही कोई जानकारी सामने आएगी। हालांकि, अभी बच्चों की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं, तीनों को लेकर गुमशुदगी की रिपोर्ट भी पुलिस को नहीं मिली है। फिलहाल, पुलिस ने इस मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। इससे पहले जून 2025 में, कथित तौर पर एक स्विमिंग पूल में डूबने से छह साल के एक लड़के की जान चली गई थी। उसकी पहचान तक्ष राठी के रूप में हुई थी, जो उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के पीतमपुरा में स्थित स्विमिंग पूल में अपने इलाके के बच्चों के साथ गया था।

# गाजियाबाद के गौड़ ग्रीन एवेन्यू में आग: दमकल का सिस्टम फेल, देरी से नुकसान में इजाफा; फिर भी लोग बने ढाल

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**

गौड़ ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में लगी आग ने एक बार फिर अग्निशमन विभाग की तैयारियों की पोल खोल दी। सोसायटी में आग लगते ही दमकल विभाग को सूचना दे दी गई थी, लेकिन हाइड्रोलिक सिस्टम वाली गाड़ी को पहुंचने में करीब डेढ़ घंटे लग गए। यह देरी राहत-बचाव के लिहाज से भारी पड़ी। इसी ने आग को फैलने का मौका दिया और नुकसान कई गुना बढ़ गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, सुबह करीब 8:31 बजे कमल पालीवाल के फ्लैट में भड़की आग कुछ ही मिनटों में विकराल हो गई। लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं। हैरानी की बात यह रही कि सोसायटी के पीछे अभय खंड पुलिस चौकी है। 800 मीटर दूरी पर ट्रैफिक बूथ बना है। दो किलोमीटर पर एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव का कार्यालय है और इंदिरापुरम थाना है। दमकल विभाग का कार्यालय भी घटनास्थल से मात्र दो किलोमीटर दूर है। इसके बावजूद शुरूआती अलर्ट सिस्टम पूरी तरह



नाकाम रहा। स्थिति यह रही कि सोसायटी के लोगों को खुद मोर्चा संभालना पड़ा। पड़ोसी टॉवर से सबमर्सिबल पंप, पाइप और बाल्टियों के सहारे आग बुझाने की कोशिशें शुरू की गईं। अग्निशमन विभाग की टीम 8:57 बजे मौके पर पहुंची, वो भी आधी-अधूरी तैयारी के साथ। सोसायटी में रहने वाले रेनू अग्रवाल, श्रेया, नीरज, अनुमान आदि ने बताया कि दमकल की टीम करीब नौ बजे सोसायटी में दाखिल हुई। इसके बाद टीम ने पांच हजार और 10 हजार लीटर वाले पानी के टैंकर पर लगे वॉटर मॉनिटर से करीब 70 मीटर दूर से पानी की बौछार फेंकी।

वाटर मॉनिटर लंबाई तक पानी फेंकने में सहायक होता है, ऊंचाई पर नहीं। ऐसे में वह फेल साबित हुआ। करीब साढ़े नौ बजे हाइड्रोलिक सिस्टम मंगाया गया, जिसकी क्षमता मात्र 42 मीटर तक ही पानी की बौछार करने की है। उसके बाद एक अन्य हाइड्रोलिक सिस्टम गौतमबुद्धनगर से मंगाया गया। इन दोनों ने मिलकर 9वीं से 12वीं मंजिल तक पानी की बौछार की, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि आग की सूचना के बाद मौके से अय्यूब (82), सुधांशु शर्मा (88), रुचि शर्मा (57), कुसुम शर्मा (68), अनूप कुमार (55), अनुराग शर्मा (53), वीवा अग्रवाल (44), कमल अरोरा (49), आयुष (19) और कुसुम (45) शामिल हैं।

## करोड़ों के फ्लैट पर आग से बचाव के लिए इंतजाम नहीं

ऊंची-ऊंची इमारतें, महंगे फ्लैट और हर महीने हजारों रुपये का मेंटेनेंस। इसके बावजूद जनपद की बहुमंजिला इमारतों और ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों में आग से सुरक्षा के हालात चौंकाने वाले हैं। यहां रहने वाले पांच लाख से ज्यादा लोगों की जान जोखिम में है। स्थिति यह है कि अगर कहीं एक चिंगारी भी उठे तो उसे काबू करने के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। यह बदइंतजामी सिर्फ पुराने अपार्टमेंट या बिल्डर फ्लोर तक सीमित नहीं, बल्कि उन हाईराइज सोसाइटियों तक फैली है, जहां एक-एक फ्लैट की कीमत एक से डेढ़ करोड़ रुपये है।

# भारत में घरों की बिक्री 2026 की पहली तिमाही में 8 प्रतिशत बढ़ी, नए लॉन्च में 13 प्रतिशत का उछाल

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।

भारत में घरों की बिक्री 2026 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 8 प्रतिशत बढ़कर 70,631 यूनिट्स हो गई है। इस दौरान नए लॉन्च की संख्या 13 प्रतिशत बढ़कर 90,023 यूनिट्स पर पहुंच गई है। यह जानकारी गुरुवार को जारी रिपोर्ट में दी गई।

कमर्शियल रियल एस्टेट सर्विसेज फर्म जेएलएल की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 की पहली तिमाही में प्रतिष्ठित डेवलपर्स से मजबूत आपूर्ति के कारण खरीदारों को विविध विकल्प मिले और बाजार की स्थिरता में विश्वास बढ़ा, जिससे बिक्री में लगातार वृद्धि हुई।

रिपोर्ट में बताया गया कि आवासीय बाजार में नए लॉन्च में तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि, समग्र बाजार की गति में थोड़ी नरमी आई है, बिक्री में वृद्धि लॉन्च की तुलना में 5 प्रतिशत कम रही, जो मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों के जवाब में खरीदारों के अधिक सतर्क



दृष्टिकोण को दर्शाती है।

जेएलएल के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक (चेन्नई और कोयंबटूर), भारत में आवासीय सेवाओं के प्रमुख, शिव कृष्णन ने कहा, 'बिक्री और नए लॉन्च के बीच अस्थायी अंतर असामान्य नहीं है और यह एक मजबूत बाजार समायोजन को दर्शाता है, न कि किसी संरचनात्मक चिंता को।' रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रीमियम आवास ने वृद्धि को बढ़ावा दिया, जिसमें 1 करोड़ रुपए से अधिक कीमत वाले घरों की बिक्री में 71 प्रतिशत हिस्सेदारी रही, जो 2025 की पहली तिमाही में 59 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्शाती है।

# अदाणी पोर्ट्स का मुनाफा वित्त वर्ष 26 में 16 प्रतिशत बढ़ा, आय 38 हजार करोड़ रुपए के पार

» मुंबई, यूटर्न/ 30 अप्रैल।

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने गुरुवार को वित्त वर्ष 26 के नतीजों का ऐलान किया है। इस दौरान कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 12,782 करोड़ रुपए हो गया है।

कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि भारत की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक्स कंपनियों में से एक एपीएसईजेड की आय भी वित्त वर्ष 26 में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 38,736 करोड़ रुपए हो गई है। इसकी वजह कंपनी के लॉजिस्टिक्स और समुद्री बिजनेस में मजबूत उछाल आना है। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 में एबिटा सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 22,851 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा, 'इस तिमाही में हमारा मजबूत प्रदर्शन हमारे व्यापारिक मॉडल की मजबूती और रणनीति के अनुशासित क्रियान्वयन को



दर्शाता है।' गुप्ता ने आगे कहा, 'भू-राजनीतिक अस्थिरता और वैश्विक टैरिफ अनिश्चितता के बावजूद, हमने रिकॉर्ड 50 करोड़ मीट्रिक टन पोर्ट कार्गो वॉल्यूम के दम पर वित्त वर्ष 2026 के अपने अनुमानों को पार कर लिया। लॉजिस्टिक्स और समुद्री कारोबार में भी इस वर्ष क्रमशः 55 प्रतिशत और 134 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई।'

उन्होंने आगे कहा, 'यह एक सार्थक प्रगति का प्रतीक है, लेकिन हमारा सफर अभी पूरा नहीं हुआ है। एपीएसईजेड ने वित्त वर्ष 2031 तक राजस्व और एबिटा को दोगुने से अधिक करने के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। यह दिसंबर 2030 तक एक अरब टन बंदरगाह कार्गो के लक्ष्य, एसेट लाइट और एसेट जीरो वाली सेवाओं के तीव्र विस्तार और समुद्री बेड़े के विस्तार पर आधारित है। अनुशासित पूंजी आवंटन यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य के पूंजीगत व्यय को आंतरिक स्रोतों से ही फंड किया जाए, साथ ही चुनिंदा इनऑर्गेनिक विकास के लिए लचीलापन भी बना रहे।'

वर्ष की एक प्रमुख उपलब्धि यह थी कि एपीएसईजेड एक ही वर्ष में 50 करोड़ मीट्रिक टन से अधिक बंदरगाह कार्गो का प्रबंधन करने वाला पहला भारतीय एकीकृत परिवहन ऑपरेटर बन गया। मार्च तिमाही (वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही) में, आय में वार्षिक आधार पर 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 10,738 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है, जबकि एबिटा में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 6,020 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 9 प्रतिशत बढ़कर 3,308 करोड़ रुपए हो गया है। ऑस्ट्रेलिया में एनक्यूएक्सटी टर्मिनल के जुड़ने और कोलंबो में परिचालन में तेजी आने से अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों के राजस्व में 34 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई, साथ ही एबिटा मार्जिन में भी तेज वृद्धि हुई।

# ट्राई ने व्हीकल-टू-एवरीथिंग कम्युनिकेशन के लिए नियामक ढांचे पर परामर्श पत्र जारी किया

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने व्हीकल-टू-एवरीथिंग (वी2एक्स) कम्युनिकेशन के लिए नियामक ढांचे पर एक परामर्श पत्र जारी किया है। यह जानकारी गुरुवार को संचार मंत्रालय की ओर से दी गई।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने एक दिसंबर 2025 को पत्र के माध्यम से ट्राई से वी2एक्स के लिए नियामक तंत्र पर ट्राई अधिनियम 1997 (संशोधित) के खंड 11(1)(ए) के तहत सिफारिशें प्रदान करने



का अनुरोध किया है।

इस संबंध में, व्हीकल-टू-एवरीथिंग (वी2एक्स) कम्युनिकेशन के लिए विनियामक ढांचे पर एक परामर्श पत्र ट्राई की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर 28 मई, 2026 तक लिखित टिप्पणियां और 11 जून, 2026 तक प्रति-टिप्पणियां आमंत्रित की गई हैं। मंत्रालय ने कहा कि टिप्पणियां या प्रति-टिप्पणियां इलेक्ट्रॉनिक रूप में ट्राई के सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम और लाइसेंसिंग) अखिलेश कुमार त्रिवेदी को एडीवीएमएनएटदरेटट्राईडॉटगावडॉटइन पर भेज सकते हैं। वहीं, किसी अन्य जानकारी के लिए टेलीफोन नंबर +91-11-20907758 पर संपर्क किया जा सकता है। व्हीकल-टू-एवरीथिंग (वी2एक्स) कम्युनिकेशन एक वायरलेस तकनीक है जो वाहनों को अन्य वाहनों (वी2वी), बुनियादी ढांचे (वी2आई), पैदल यात्रियों (वी2पी) और नेटवर्क (वी2एन) के साथ इंटरैक्ट करने में सक्षम बनाती है। यह तकनीक सड़क सुरक्षा और यातायात दक्षता में सुधार करती है, साथ ही स्थान, गति और परिवेश पर वास्तविक समय डेटा साझा करके ऑटोनॉमस ड्राइविंग में सहायता करती है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत कनेक्टेड कारों के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजार के रूप में उभरा है.

## संक्षिप्त खबरें

### एआई को बढ़ावा देने हजारों कर्मियों की छंटनी करेगी कॉग्निजेंट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।** आईटी सेवा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कॉग्निजेंट ने एक बड़े पुनर्गठन कार्यक्रम की घोषणा की है, जिसमें हजारों कर्मचारियों की छंटनी की आशंका है। कंपनी इस पर 20 से 32 करोड़ डॉलर खर्च करेगी। यह कदम अनिश्चित आर्थिक माहौल के बीच उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने तथा कौशल की बदलती मांगों को पूरा करने के उद्देश्य से उठाया गया है। नैस्डैक पर सूचीबद्ध कॉग्निजेंट ने अपने प्रोजेक्ट लीप कार्यक्रम के तहत यह ऐलान किया है। इसके तहत अप्रैल से दिसंबर के बीच कंपनी कर्मचारियों को बर्खास्त करने पर 20 से 27 करोड़ डॉलर का मुआवजा और 3 से 5 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त कार्मिक व्यय वहन करेगी। यह परियोजना बुधवार को पहली तिमाही के नतीजों के साथ घोषित की गई। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) क्षमताओं में अधिक निवेश करना, कर्मचारियों के कौशल को बढ़ाना और उन्हें बाजार की मांगों के अनुरूप ढालना है।

### भारत का आईफोन निर्यात 2 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।** भारत में स्मार्टफोन विनिर्माण क्षेत्र ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वित्त वर्ष 2026 के दौरान भारत से आईफोन का निर्यात रिकॉर्ड 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह आंकड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए केंद्र सरकार की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतिम वर्ष में सामने आया है, जो मेक इन इंडिया पहल की शानदार सफलता को दर्शाता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल-फरवरी) के 11 महीनों के निर्यात आंकड़ों के अनुसार, भारत का कुल स्मार्टफोन निर्यात लगभग 2.6 लाख करोड़ रुपये रहा, जिसमें अकेले आईफोन का योगदान 75 फीसदी से अधिक (लगभग 2 लाख करोड़ रुपये) रहा। यह उपलब्धि देश के पारंपरिक प्रमुख निर्यात श्रेणियों को भी पीछे छोड़ गई है। इसी अवधि में, डीजल वाहन 14.53 अरब डॉलर (लगभग 1.21 लाख करोड़ रुपये) के निर्यात के साथ दूसरी सबसे बड़ी श्रेणी रही, जबकि हीरा 11.23 अरब डॉलर (लगभग 93 हजार करोड़ रुपये) और दवाएं 9.98 अरब डॉलर (लगभग 83 हजार करोड़ रुपये) के साथ क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। यह आंकड़ा ऐपल को भारत की विनिर्माण महत्त्वाकांक्षा का एक प्रमुख उदाहरण और सरकारी पहल की उत्कृष्ट सफलता की कहानी बनाता है।

# स्थिरता और सुधारों पर फोकस करे भारत, अल्पकालिक वृद्धि से बचे: वित्त मंत्रालय

ऊर्जा सुरक्षा, विनियमन में ढील और श्रमबल कौशल पर पांच आयामी रणनीति का सुझाव

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।

वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में भारत को पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर अल्पकालिक वृद्धि के पीछे भागने के बजाय मध्यम अवधि की राजकोषीय और बा' स्थिरता को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के नेतृत्व में तैयार इस रिपोर्ट में देश की वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने और लंबे समय से लंबित सुधारों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया है। रिपोर्ट चेतावनी देती है कि अल्पकालिक वृद्धि को बहाल करने के प्रयास बाहरी संतुलन, मुद्रास्फीति और मुद्रा को अस्थिर करके मध्यम से लंबी अवधि की वृद्धि को नुकसान पहुंचा सकते हैं। मंत्रालय ने इस संकट से सबक लेते हुए पांच आयामी सुधार रणनीति अपनाने की सलाह दी है। इस रणनीति के तहत, भारत को ऊर्जा सुरक्षा और लचीलेपन को प्राथमिकता देनी चाहिए, बजाय आयात के लिए एक स्रोत पर निर्भरता को दूसरे से बदलने के। सार्वजनिक परिवहन पर व्यापक जोर ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा और शहरी जीवन स्तर में सुधार लाएगा, हालांकि इसके लिए राज्यों के साथ आम



सहमति की आवश्यकता होगी।

रिपोर्ट घरेलू स्तर पर विनियमन को कम करने पर भी जोर देती है, विशेषकर आयात और निर्यात की लागत घटाने वाले उपाय ऐसे समय में अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे। कृषि और जल नीतियों में लंबे समय से लंबित सुधारों को लागू करने का यह आदर्श समय बताया गया है, जो कृषि उत्पादकता में सुधार पर केंद्रित हैं।

सामान्य से कम मॉनसूनी बारिश को एक प्रमुख जोखिम बताया गया है। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट में भविष्य के तकनीकी बदलावों, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभाव से निपटने के लिए युवाओं में नए कौशल विकसित करने पर जोर दिया गया है, ताकि घरेलू विनिर्माण और सेवाओं को बढ़ावा मिले और निर्यात के नए अवसर पैदा हों। इसमें कहा गया है कि रोजगार की चुनौती केवल आईटी क्षेत्र तक सीमित नहीं है।

# कच्चे तेल में तेजी से डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट, 95 के स्तर के नीचे लुढ़का

» मुंबई, यूटर्न/ 30 अप्रैल।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को रुपए में बड़ी गिरावट देखने को मिली और यह 95 के स्तर के नीचे फिसल गया। इसकी वजह अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी को माना जा रहा है। इंटरकॉन्टिनेंटल एक्सचेंज (आईसीई) पर डॉलर के मुकाबले रुपया 94.82 पर खुला। इससे बाद शुरुआती कारोबार में ही डॉलर के मुकाबले रुपए में कमजोरी देखने को मिली और यह सुबह 11:15 पर 0.50 प्रतिशत गिरकर 95.29 के स्तर पर पहुंच गया।

वैश्विक अस्थिरता और फिर ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण डॉलर के मुकाबले रुपए में लगातार गिरावट देखी जा रही है। इस साल की शुरुआत से अब तक अमेरिका मुद्रा के मुकाबले भारतीय मुद्रा 5.93 प्रतिशत



गिर चुकी है। डॉलर के मुकाबले रुपए में कमजोरी की एक वजह अमेरिकी फेड के फैसले को भी माना जा रहा है, जिसमें ब्याज दरों को 3.5 प्रतिशत से लेकर 3.75 प्रतिशत के बीच स्थिर रखा गया है। साथ ही, कहा कि मध्य पूर्व में तनाव के चलते महंगाई में इजाफा हो रहा है। इससे डॉलर मजबूत हुआ है।

# अमेरिका-ईरान में तनाव बढ़ने से कच्चा तेल चार वर्षों के उच्चतम स्तर पर

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।

अमेरिका-ईरान में तनाव बढ़ने की संभावना के चलते गुरुवार को कच्चे तेल की कीमत चार साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। भारतीय समयानुसार सुबह 10:22 पर बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का दाम 6.33 प्रतिशत बढ़कर 125.5 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। वहीं, डब्ल्यूटीआई क्रूड का दाम 3.35 प्रतिशत बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

इससे पहले कच्चे तेल में यह कीमतें 2022 की शुरुआत में रूस-यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के दौरान देखी गई थीं। कच्चे तेल में तेजी ऐसे समय पर देखी गई है, जब कुछ अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका की सेंट्रल कमांड ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान में संभावित कार्रवाई के




विकल्पों के बारे में जानकारी देगी। इससे दोनों देशों में फिर से संघर्ष शुरू होने की संभावना में इजाफा हुआ है। अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट के ब्लॉक कर रखा है, जिससे ईरान का तेल निर्यात करीब रुक गया है। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कहा गया कि जब तक ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता नहीं करता, तब तक यह नाकेबंदी नहीं हटेगी।

# म्यूजिक डायरेक्टर से गैंगस्टर बना राव इंद्रजीत गिरफ्तार, दुबई पुलिस ने किया अरेस्ट

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**

म्यूजिक डायरेक्टर से हरियाणा के मोस्ट वांटेड गैंगस्टर्स में शुमार राव इंद्रजीत यादव दुबई में गिरफ्तार हो गया है। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो 24 अप्रैल को ईडी की टीम इंद्रजीत की गिरफ्तारी के लिए दुबई गई थी। लेकिन टीम के वहां पहुंचने से कुछ देर पहले ही दुबई के चेक बाउंस के एक मामले में इंद्रजीत यादव को वहां की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अब आरोपी दुबई की जेल में बंद है।

खुफिया विभाग के आधिकारिक सूत्र ने बताया कि ईडी की टीम अब भी दुबई में ही रुकी हुई है। टीम ये प्रयास कर रही है कि किसी तरह इंद्रजीत यादव को हिरासत में लेकर भारत ला सके। इसके लिए हर स्तर पर बातचीत का



दौर भी जारी है।

राव इंद्रजीत यादव हरियाणा में हुए दो सनसनीखेज मर्डर के अलावा हरियाणवी सिंगर फाजिलपुरिया पर जानलेवा हमला करवाने और यूट्यूबर एल्विस यादव के घर पर फायरिंग करने वाले केसों में वांटेड है। हरियाणा पुलिस का दावा है कि वह विदेश में बैठे गैंगस्टर हिमांशु भाऊ और नीरज फरीदपुरिया के साथ क्राइम सिंडिकेट चला रहा है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के जरिए फरवरी में इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया गया था।

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, राव इंद्रजीत सिंह यादव (40) मूल रूप से हरियाणा के रेवाड़ी जिले का रहने वाला है। वह अब गुड़गांव में रहने लगा था। इसका नाम सबसे पहले दिल्ली पुलिस के पूर्व कॉन्स्टेबल और फाइनेंसर मंजीत अहलावत उर्फ डीघल के मर्डर में आया था।

इसे 6 दिसंबर 2024 को हुए रोहतक के किलोई गांव में अंजाम दिया था। इसकी साजिश विदेश में बैठे गैंगस्टर भाऊ और फरीदपुरिया ने रची थी। इसी दौरान ईडी ने भी इसके ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। वह गिरफ्तारी के डर से 2025 में विदेश भाग गया।

### 15 से ज्यादा केस में है इसका नाम

ईडी ने इस साल फरवरी में मनी लान्ड्रिंग को लेकर इंद्रजीत की 90.04 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच की थी। हरियाणा और यूपी पुलिस की तरफ से मर्डर, कातिलाना हमले और एक्सटॉर्शन समेत कई मामलों में दर्ज 15 से ज्यादा केसों और दाखिल चार्जशीट के आधार पर ईडी ने यह कार्रवाई की थी। जेम रिकार्ड इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड का मालिक यादव ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर खुद को आंत्रप्रन्योर बताते हुए म्यूजिक प्रोड्यूसर लिखा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### दाखिलों में गिरावट पर निदेशालय ने मांगी रिपोर्ट

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 अप्रैल।** जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में दाखिलों की संख्या में गिरावट को लेकर शिक्षा निदेशालय ने कड़ा रुख अपनाया है। निदेशालय ने जिला शिक्षा कार्यालय से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। निदेशालय का मानना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो सरकारी स्कूलों की स्थिति और कमजोर हो सकती है। जानकारी के अनुसार जिले में करीब 50 ऐसे राजकीय प्राथमिक स्कूल हैं, जहां इस सत्र में एक भी छात्र का दाखिला नहीं हुआ है। यह आंकड़ा विभाग के लिए चिंता का विषय बन गया है। शिक्षा निदेशक ने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक स्कूल में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जांच की जाए और इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जल्द से जल्द निदेशालय को भेजी जाए। जांच के दौरान स्कूलों में भवन, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था और शिक्षकों की उपस्थिति जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में युवक धरा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 अप्रैल।** सोशल मीडिया पर किसी अन्य स्थान की वीडियो को फरीदाबाद की घटना बताकर भ्रामक सूचना साझा करने और धार्मिक भावनाओं को भड़काने के आरोपी मोहम्मद जुनैद को पुलिस ने सोमवार को पकड़ लिया। आरोपी ने एक युवक की पिटाई की वीडियो को गलत दावे के साथ वायरल कर अराजकता फैलाने की कोशिश की थी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि साइबर सेल की मॉनिटरिंग के दौरान 10 अप्रैल को एक वीडियो सामने आया था, जिसमें एक युवक को कुछ लोग पीट रहे थे।

# ऑटो चालक की हत्या के मामले में परिवार को आर्थिक मदद की मांग



» **लोनी, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**

कंचन पार्क कॉलोनी में ऑटो चालक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या के मामले में लोगों ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम लोनी तहसीलदार को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जाटव सभा उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष ललित जाटव ने बुधवार को ज्ञापन के माध्यम से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने, भागे हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने और मृतक के आश्रित को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी एवं आवास उपलब्ध कराने की मांग की गई। समाज के लोगों ने चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई न होने पर जाटव समाज महापंचायत कर आंदोलन के लिए बाध्य होगा। बता दें कि ऑटो चालक सोनू (32) की 25 अप्रैल को कंचन पार्क कॉलोनी स्थित मकान के गोदाम की सफाई के दौरान लाठी-डंडे से हमला किया था।

घायल को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले में मृतक के पिता चरण सिंह की शिकायत पर पुलिस ने बाग राणप निवासी जहीर और उसके बेटे आमिर उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने झपटमार को पकड़ा, चोरी का आईफोन बरामद


» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**

नई दिल्ली की सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने एक शातिर स्नैचर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने रंजीत नगर थाने में दर्ज एक स्नैचिंग मामले को सुलझा लिया है। आरोपी की पहचान रघुबीर नगर के रहने वाले राहुल उर्फ गांजा उर्फ नागेंद्र (34) के रूप में हुई है। गुप्त सूचनाओं और लगातार निगरानी के बाद एक सुनियोजित अभियान के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

27 अप्रैल को जानकारी मिली कि छीनने और चोरी के कई मामलों में शामिल अपराधी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास के इलाके में आ सकता है।

इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। आरोपी का पता लगाने के लिए टीम ने मुखबिर से मिली जानकारी के साथ-साथ तकनीकी निगरानी का भी इस्तेमाल किया।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मल्टी-लेवल पार्किंग सुविधा के पास एक जाल बिछाया गया। मुखबिर के पुष्टि करने पर पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के पास से एक चोरी का आईफोन बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में होने वाली घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की। पुलिस रिकॉर्ड से पता चला कि उसका



आपराधिक गतिविधियों का एक लंबा इतिहास रहा है, जिसमें उत्तम नगर और आदर्श नगर पुलिस स्टेशनों में गंभीर आरोपों के तहत दर्ज पिछले मामले भी शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अन्य लंबित मामलों में उसकी संलिप्तता का पता लगाने और उसके संभावित साथियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

# हाथ पैर बांध बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या

» **लोनी, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**

बॉर्डर थानाक्षेत्र के उत्तरांचल सोसायटी कॉलोनी में बुजुर्ग की हाथ पैर बांध धारदार हथियार से हत्या कर दी। बुधवार शाम बेटे के घर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। पुलिस को शिकायत दी तो मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस की जांच में बुजुर्ग की हत्या धारदार हथियार से की गई है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए हैं।

डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि रूप से बागपत के निरोजपुर गांव निवासी रमेश चंद शर्मा (80) अपने बेटे विकास और गौरव के साथ रहते थें। उनकी पत्नी का कुछ समय पहले ही निधन हो गया था। जांच में सामने आया है कि बेटे विकास की शादी के बाद ही मनमुटाव के चलते अपने घर चली गई थी। विकास ने बताया कि वह लोन कंसलटेंसी का कार्य करता है। बुधवार दोपहर दो बजे घर से वह किसी काम से निकला था और छोटा भाई गौरव भी चावड़ी बाजार गया था। विकास ने बताया कि रात करीब नौ बजे वह घर पहुंचा तो मुख्य गेट बंद था। काफी आवाज देने पर अंदर से आवाज नहीं आई तो वह पिछले दरवाजे पर पहुंचा। लेकिन दरवाजा खुला हुआ मिला।

# गाड़ी पर फायरिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**

पुरानी रंजिश के चलते चलती गाड़ी पर फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने के मामले में अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सेक्टर-23 निवासी हृदय और एनआईटी निवासी मोहित चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। एनआईटी पांच निवासी हिमांशु ने पुलिस को बताया कि 16 अप्रैल की रात करीब एक बजे वह अपने साथी सागर, राहुल और साहिल के साथ कार से बीके चौक की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बिना नंबर की दो



कारों और एक एसयूवी ने उनका पीछा शुरू कर दिया। इसके बाद एक कार उनके बराबर में आई, जिसमें सवार देव अंशुमन, पीयूष, हृदय, मोहित और ईशांत ने उन पर पिस्तौल से जाने से मारने की नियत से फायर कर दिया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से भाग गए। इस संबंध में थाना एनआईटी में 26 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज की गई।

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि शिकायतकर्ता के दोस्त जतिन की आरोपी पीयूष के साथ पुरानी रंजिश थी। आरोपियों को शक था कि गाड़ी में जतिन भी मौजूद है, इसी रंजिश में उन्होंने पीछा कर गोली चलाई। वारदात में इस्तेमाल कार मोहित की बताई जा रही है।

# डिजिटल अरेस्ट कर सेवानिवृत्त वृद्ध से 30 लाख रुपये ठगे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 अप्रैल।** साइबर ठगों ने विजयनगर के सिद्धार्थ नगर में रहने वाले सरकारी विभाग से सेवानिवृत्त राघवन कृष्णन (64) को कस्टम विभाग का अधिकारी बनकर कॉल की। धमकी दी कि उनके आधार कार्ड से थाईलैंड एक पार्सल भेजा गया है। मुंबई अपराध शाखा, सीबीआई और ईडी के अधिकारी बताकर दो दिनों तक डिजीटल अरेस्ट रखे गए। ठगों से भयभीत पीड़ित ने आरोपियों के बताए बैंक खाते में 30 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि सिद्धार्थ विहार में रहने वाले राघवन कृष्णन के मुताबिक वह सरकारी विभाग से सेवानिवृत्त हैं। राघवन कृष्णन के मुताबिक 10 मार्च को उनके मोबाइल फोन पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को ब्लू डॉर्ट कूरियर सेवा से बताया। कॉलर ने बताया कि मुंबई कस्टम विभाग ने उनका पार्सल जब्त कर दिया है। बताया कि पार्सल में 40 ग्राम प्रतिबंधित दवाएं, कुछ पासपोर्ट और संदिग्ध एटीएम कार्ड हैं। पार्सल उनके नाम से थाईलैंड के बैंकॉक के पते पर पहुंचाया जा रहा था। पीड़ित ने अपना पार्सल होने से इन्कार किया तो कॉलर ने पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट लाने को कहा।

# ऑनलाइन गेम बना खामोश कातिल, टास्क, लत और पैसों के जाल में फंस रहे युवा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 अप्रैल।** मोबाइल स्क्रीन पर शुरू होने वाला खेल अब कई जिंदगियों का अंत बनता जा रहा है। ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-77 में 22 वर्षीय छात्र द्वारा खुद को गोली मारने की घटना ने एक बार फिर ऑनलाइन गेमिंग के खतरनाक असर को सामने ला दिया है। युवक लंबे समय से गेमिंग में डूबा हुआ था और पैसों के नुकसान के साथ मानसिक दबाव में था। यही दबाव उसे उस मोड़ पर ले गया, जहां से लौटना संभव नहीं रहा।

यह सिर्फ एक घटना नहीं है। एनसीआर में बीते महीनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां



गेमिंग की लत ने युवाओं और किशोरों को धीरे-धीरे वास्तविक दुनिया से दूर कर दिया। गुरुग्राम में एक व्यक्ति का लाखों रुपए हारने के बाद आत्मघाती कदम उठाना, इस बढ़ते खतरे की गंभीर तस्वीर पेश करते हैं। ऑनलाइन गेमिंग का यह नया रूप केवल समय बिताने का साधन नहीं रह गया है। टास्क-बेस्ड गेम्स, चैलेंज और रिवॉर्ड सिस्टम के जरिए यूजर को इस तरह बांध लिया जाता है कि वह खुद को इससे अलग नहीं कर पाता। धीरे-धीरे यह लत मानसिक तनाव, आर्थिक नुकसान और भावनात्मक टूटन में बदल जाती है। कई मामलों में खिलाड़ी वास्तविक रिश्तों से कटने लगता है और अकेलेपन में फंस जाता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन गेम्स की डिजाइन ही ऐसी होती है, जो यूजर को बार-बार खेलने के लिए मजबूर करती है। लेवल, रिवॉर्ड और पेनल्टी का दबाव दिमाग पर असर डालता है। जब खिलाड़ी हारता है या गेम से दूर किया जाता है, तो उसे बेचैनी, गुस्सा और निराशा घेर लेती है। यही स्थिति कई बार खतरनाक फैसलों में बदल जाती है।

### खतरनाक गेम्स और चैलेंज

टास्क-बेस्ड गेम्स: यूजर को मानसिक रूप से कंट्रोल करना, असली दुनिया से दूरी

ब्लू व्हेल / मोमो जैसे चैलेंज: खतरनाक टास्क देकर आत्म-हानि की ओर धकेलना

पास आउट चैलेंज: सांस रोकने जैसे जोखिम भरे टास्क

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## मैंने ब्रेक नहीं लिया, अच्छी फिल्मों की तलाश में रहती हूं: नीतू चंद्रा

पहले बॉलीवुड और फिर हॉलीवुड तक का प्रभावशाली सफर तय करने वाली अभिनेत्री नीतू चंद्रा अब अच्छी और सार्थक फिल्मों की तलाश में हैं। अभिनेत्री ने फिल्मों से ब्रेक लेने की अफवाहों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया है कि वे लगातार ऐसी स्क्रिप्ट और प्रोजेक्ट्स की तलाश में हैं जो उन्हें रचनात्मक रूप से संतुष्ट कर सकें।

गरम मसाला, ट्रैफिक सिग्नल और ओए लकी ! लकी ओए ! जैसी फिल्मों में अपनी पहचान बना चुकीं नीतू चंद्रा ने अपने करियर के सफर, चुनौतियों और प्राथमिकताओं के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने बताया कि उनका ध्यान हमेशा सार्थक काम पर रहा है, न कि स्टारडम की बाहरी चकाचौंध या अनावश्यक दिखावे पर, जो अक्सर मनोरंजन जगत का हिस्सा होता है। अपने ब्रेक लेने की धारणा पर बात करते हुए नीतू ने दृढ़ता से कहा, मैंने कोई ब्रेक नहीं लिया। मैं अच्छी फिल्मों की तलाश करती रहती हूं।



## टाइगर श्रॉफ ने जोरदार वर्कआउट सेशन की झलक की साझा

अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में बॉलीवुड के एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ ने बताया कि फिटनेस के इस निरंतर सफर में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल करने के बाद, उन्हें अब अपने दोनों तरफ 60 किलो वजन हल्का महसूस होने लगा है। उन्होंने इस उपलब्धि पर खुशी तो व्यक्त की, लेकिन साथ ही स्वीकार किया कि वे इस नए स्तर को छूने से थोड़े डरे हुए भी हैं, जिसका अर्थ है कि वह अपनी सीमाओं को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। अपने जोरदार वर्कआउट सेशन की एक झलक साझा करते हुए, टाइगर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 60 किलो (दोनों तरफ) वजन अब हल्का लगने लगा है. इस वजन के नीचे डर लग रहा है। यह पोस्ट उनके अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, जिसके दम पर वह लगातार अपनी शारीरिक क्षमताओं को चुनौती देते रहते हैं। अपनी बेमिसाल फिटनेस के अलावा, टाइगर श्रॉफ अपने शानदार डांस मूव्स के लिए भी दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। हाल ही में, उन्होंने एक और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दिग्गज माइकल जैक्सन को उनके मशहूर गाने बिली जीन पर एक दमदार परफॉर्मेंस देकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# हार्दिक बोले, उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाने से हारे

**मुम्बई , यूटर्न/ 30 अप्रैल।** आईपीएल के 19 वें सत्र में मुम्बई इंडियंस की टीम को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 243 रनों का बड़ा स्कोर बनाने के बाद भी हार का सामना करना पड़ा है। इससे टीम के प्लेऑफ की संभावनाएं काफी कम हो गयी हैं। हार के बाद मुम्बई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने मना है कि उनकी टीम इस सत्र में अब तक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पायी है जिसके लिए वह जानी जाती है। टीम ने अब तक खेले अपने 8 मैचों में से केवल 2 ही जीते हैं। हार्दिक ने हार के लिए अपने गेंदबाजों को दोष नहीं दिया और कहा कि हमारे पास अधिक विकल्प नहीं थे। मुंबई की गेंदबाजी इस मैच में कमजोर रही है। जिससे टीम बड़े स्कोर का भी बचाव नहीं कर पायी। इसी को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे पास अधिक विकल्प नहीं थे। इस सत्र में हमने अपने पास उपलब्ध विकल्पों का पूरी तरह से प्रयोग किया। अब आने वाले मुकाबलों में हमें देखना होगा कि क्या किया जा सकता है। मैं अपनी हार के लिए गेंदबाजों को जिम्मेदार नहीं मानता। मेरा मानना है कि एक टीम के तौर पर हम एकजुट होकर नहीं खेल पाये। हम अब इस पर विचार करेंगे।' पांच बार की विजेता रही टीम इस बार हर क्षेत्र में कमजोर साबित हुई है।




## दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी को बेहतर बनाने में दर्शन, अनिकेत और साई का है अहम योगदान

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**

आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स का अभ्यास सत्र शुरू होने से पहले अनिकेत बेर्डे, दर्शन सिंह और साई पेंडम स्टेडियम में मौजूद रहते हैं। इनके पास किट बैग में कोई बैट, कैप, ग्लव्स या पैड नहीं होता। इसके बजाय, वे कई तरह की गेंदें और साइडआर्म थ्रोअर रखते हैं, जिनसे वे हर मैच के दिन से पहले बल्लेबाजों को लगातार अभ्यास करवाते हैं। अनिकेत की गति लगभग 150 किलोमीटर प्रतिघंटा है। वे नई गेंद को स्विंग कर सकते हैं, पुरानी गेंद को रिवर्स कर सकते हैं, लेफ्ट-आर्मर के एंगल की नकल कर सकते हैं, साथ ही लसिथ मलिंगा या मथीशा पथिराना स्टाइल में 18 यार्ड से स्किडी डिलीवरी या टो-क्रशिंग यॉर्कर भी डाल सकते हैं। वे गेंद पर गेंद तब तक करते हैं जब तक बीच में कोई बल्लेबाज मना न कर दे। वे किसी और से पहले आते हैं, अपना काम खत्म होने के बाद चले जाते हैं। इंडियन क्रिकेट में थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट के रूप में सबसे पहले राघवेंद्र द्विगी (रघु) ने चर्चा पाई। रघु की तेज गेंदों को विराट कोहली से लेकर सूर्यकुमार यादव तक हर खिलाड़ी ने सराहा।



# अप्रैल का महीना बहुत तेजी से बीत गया: हुमा कुरैशी

अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने बीते महीने की एक दिलकश झलक साझा की है। अभिनेत्री ने अप्रैल महीने के बचे हुए सामान को शेयर करते हुए स्वीकार किया कि उन्हें लगता है कि अप्रैल का महीना बहुत तेजी से बीत गया। अभिनेत्री हुमा ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, यह महीनाड्ड बहुत तेजी से बीत रहा हैड्ड अप्रैल अभी खत्म भी नहीं हुआ है। यह टिप्पणी समय के तेजी से बीतने की उस सामान्य भावना को दर्शाती है, जिसे हम सभी अनुभव करते हैं। उनकी साझा की गई तस्वीरों और वीडियो के एल्बम में उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन के विविध क्षणों को खूबसूरती से कैद किया गया है। एल्बम की पहली तस्वीर में हुमा अपने बिस्तर पर आराम करती हुई नजर आईं, जो उनके निजी और शांत पलों को दर्शाती है। इसके बाद गैंग्स ऑफ वासेपुर की अभिनेत्री की एक और शानदार तस्वीर थी, जिसमें वह मिरर सेल्फी में बेहद आकर्षक लग रही थीं, जो उनके ग्लैमरस पक्ष को उजागर करती है। कैफे में आराम करने से लेकर सड़क पर खुशी-खुशी अपनी कॉफी का आनंद लेने तक और खरीदारी के उत्साह में डूबे रहने तक, अप्रैल का महीना हुमा के लिए गतिविधियों और आनंद से भरा हुआ था। इन तस्वीरों में उनके जीवन की छोटी-छोटी खुशियों और व्यस्तताओं की झलक साफ दिखाई देती है। इस पोस्ट में हुमा द्वारा पसंद किए गए सभी स्वादिष्ट व्यंजनों की झलक भी मिलती है, जिनमें एक संतुलित देसी थाली से लेकर वड़ा पाव और बर्गर जैसे लोकप्रिय फास्ट फूड शामिल हैं। यह उनके भोजन के प्रति प्रेम और विभिन्न व्यंजनों का आनंद लेने की प्रवृत्ति को दर्शाता है। जॉली एलएलबी 2 की अभिनेत्री ने अपने प्यारे पालतू जानवर की कुछ मनमोहक तस्वीरें भी साझा की, जो उनके पालतू जानवर के साथ उनके स्नेहपूर्ण रिश्ते को दर्शाती हैं। काम की बात करें तो, हुमा कुरैशी यश अभिनीत फिल्म टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें वह एलिजाबेथ की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इससे पहले, फिल्म निमार्ता गीतु मोहनदास ने हुमा के चयन पर प्रकाश डालते हुए खुलासा किया था कि एलिजाबेथ की भूमिका निभाने के लिए एक उच्च क्षमता और करिश्माई स्क्रीन प्रेजेंस वाले अभिनेता की आवश्यकता थी, जो गुण उन्हें हुमा में बखूबी मिले। मोहनदास ने सोशल मीडिया पर एक बयान पोस्ट करते हुए कहा, इस भूमिका के लिए कास्टिंग शायद सबसे मुश्किल काम था। इस किरदार के लिए एक ऐसे कलाकार की जरूरत थी, जिसमें जबरदस्त प्रतिभा और दमदार व्यक्तित्व हो। जिस पल हुमा मेरे सामने आई, मैंने महसूस किया कि उनमें कुछ दुर्लभ गुण मौजूद हैं। निर्देशक ने आगे कहा कि हुमा में एक सहज परिष्कार और तीव्रता थी, जिसने एलिजाबेथ के चरित्र को तुरंत जीवंत कर दिया। मोहनदास ने यह भी कहा कि हुमा एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो किसी भूमिका की कलात्मक व्याख्या पर सवाल उठाती हैं, उसकी पड़ताल करती हैं और उसे चुनौती देती हैं, और यह संवाद उनकी रचनात्मक यात्रा का एक अभिन्न अंग बन गया। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, उन्हें हमेशा से प्रतिभा का धनी माना जाता रहा है, लेकिन यह प्रदर्शन सिनेमा पर एक निर्विवाद, प्रभावशाली नई उपस्थिति के आगमन का निर्णायक मोड़ साबित होगा।

## फटाफट खबरें

### सेंटकॉम ने ईरान पर हमले के लिए हाइपरसोनिक मिसाइल की मांग की

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 30 अप्रैल।** अमरीकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने ईरान के खिलाफ संभावित हमले के लिए हाइपरसोनिक मिसाइल डार्क ईगल की मांग की है। ब्लूमबर्ग न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस मांग की वजह ईरानी लॉन्च सिस्टम को फिर से तैनात करना है, जो प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइलों की पहुंच से दूर हैं, जो 300 मील से ज्यादा दूरी के लक्ष्य पर हमला करती हैं। एजेंसी के मुताबिक, अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। अगर फैसला होता है, तो यह अमरीकी हाइपरसोनिक मिसाइलों की पहली तैनाती होगी। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले किए, जिससे जान माल नुकसान हुआ। ईरान ने जवाब में इजरायली इलाके और पश्चिम एशिया में अमरीकी सैन्य ठिकानों पर हमले किये। गत 11 अप्रैल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ दो हफ़्ते के युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद ईरान और अमेरिका ने इस्लामाबाद में बातचीत की। 12 अप्रैल को अमरीकी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख एवं उपराष्ट्रपति जेडी वैन्स ने कहा कि ईरान और अमेरिका बातचीत के दौरान किसी समझौते पर नहीं पहुँच पाए।

### अमेरिका ने लगभग पचास करोड़ डॉलर की ईरानी क्रिप्टो सम्पति जब्त की

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 30 अप्रैल।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि अमेरिका ने लगभग 50 करोड़ डॉलर की ईरानी क्रिप्टो सम्पति जब्त की है। श्री बेसेंट ने फॉक्स बिजनेस को बताया, 'हमने पहले लगभग 35 करोड़ डॉलर की क्रिप्टो सम्पति जब्त की। इसके अलावा हाल ही में दस करोड़ डॉलर और मिले थे तो हमने कुल मिलाकर लगभग आधा बिलियन डॉलर की क्रिप्टो संपत्ति जब्त की है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने 16 अप्रैल को कहा था कि अमरीकी वित्त मंत्रालय ने ईरान पर ज्यादा से ज्यादा आर्थिक दबाव डालने के लिए उसके खिलाफ ऑपरेशन 'इकोनॉमिक फ्यूरी' शुरू किया। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने जवाब में इजरायली इलाके और पश्चिम एशिया में अमरीकी सैन्य ठिकानों पर हमला किये।

### हॉर्मुज जलडमरूमध्य की अमेरिकी घेराबंदी जारी: सेंटकॉम कमांडर

**मॉस्को, यूटर्न/ 30 अप्रैल।** अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने बुधवार को हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की कोशिश कर रहे 42वें जहाज का रास्ता रोक दिया और उसे दूसरे मार्ग पर रवाना कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस समुद्री मार्ग की घेराबंदी जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। 'एक्स' पर सेंटकॉम की ओर से पोस्ट बयान के अनुसार, एडमिरल कूपर ने कहा, 'आज, अमेरिकी सेना ने घेराबंदी का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे 42वें वाणिज्यिक जहाज का सफलतापूर्वक मार्ग बदलकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है... यह घेराबंदी अत्यंत प्रभावी है और अमेरिकी सेना इसे पूर्ण रूप से लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## फोटो स्टोरी



यूक्रेन के ओडीसा इलाके में रुसी ड्रोन हमले के बाद आग लगने के कारण उठता हुआ धूआं।

## अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने तेल संकट के कारण ब्याज दरें स्थिर रखीं

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 30 अप्रैल।** मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष के चलते फेडरल रिजर्व ने इंटरेस्ट रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। इसकी वजह मिडिल ईस्ट संकट की वजह से ग्लोबल एनर्जी की बढ़ती कीमत बताई जा रही है। जबकि पॉलिसी बनाने वालों ने इकोनॉमिक आउटलुक को लेकर बढ़ती अनिश्चितता की ओर इशारा किया है। फेड चेयर जेरोम पॉवेल ने बुधवार (लोकल टाइम) को कहा कि सेंट्रल बैंक रोजगार दर बढ़ाने और कीमतों को स्थिर करने के अपने दोहरे काम पर फोकस कर रहा है, भले ही महंगाई 'बढ़ गई है और बहुत ज्यादा है।' पॉवेल ने कहा, 'यूएस इकॉनमी अच्छी रफ्तार से बढ़ रही है,' उन्होंने कहा कि उपभोक्ता खर्च मजबूत बना हुआ है और बिजनेस इन्वेस्टमेंट मजबूत है। साथ ही, उन्होंने माना कि जॉब मिलने की रफ्तार हो गई है और हाउसिंग सेक्टर कमजोर बना हुआ है। फेड ने अपनी बेंचमार्क ब्याज दर 3.5 से 3.75 प्रतिशत के बीच स्थिर रखी है.

## ट्रंप होर्मुज को बनाएंगे हथियार, ईरान को लंबा झटका देने की बना रहे योजना

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**



स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बीते 2 महीने से अमेरिका और ईरान के बीच शुरू हुई जंग से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यहां से जहाजों की आवाजाही ठप पड़ी है और कई देशों में ईंधन की कमी से हालात खराब हो रहे हैं। अब खबर आ रही है कि यह रास्ता अभी लंबे समय तक बंद रह सकता है। इसकी वजह है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नया प्लान। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि ट्रंप ईरान को लंबा झटका देने की योजना बना रहे हैं और इसके लिए वे होर्मुज को हथियार बनाएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने होर्मुज में लंबे समय तक घेराबंदी की योजना बनाई है। ट्रंप ने इसके लिए अपने अधिकारियों को 'लॉन्ग-टर्म सीज' के लिए तैयार रहने को कहा है। ट्रंप ने इससे पहले दो अन्य विकल्पों पर विचार किया था। इसके तहत या तो अमेरिका ईरान पर फिर से हमले शुरू कर देता या फिर युद्ध को हमेशा के लिए खत्म कर देता। हालांकि इन दोनों ही विकल्पों में अमेरिका को ज्यादा नुकसान दिखा। इसीलिए अब ट्रंप ने नाकेबंदी जारी रखते हुए ईरान पर आर्थिक दबाव बनाने का फैसला किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ईरान के तेल निर्यात को प्रभावित कर उसे गहरी चोट देने की कोशिश कर रहा है। होर्मुज ईरान के तेल निर्यात के लिए बेहद अहम है और इस रास्ते से ईरान के तेल टैंकरों की आवाजाही को सीमित कर अमेरिका इसी लाइफलाइन को काटने की कोशिश में है। अमेरिका ने जब से यहां नाकेबंदी की है तब से ईरान का निर्यात तेजी से घटा है और इसका असर अब उसकी अर्थव्यवस्था पर पड़ने लगा है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि यह रणनीति सीधे युद्ध से बचते हुए ईरान पर दबाव बनाए रखने का एक संतुलित तरीका है।

रिपोर्ट के मुताबिक निर्यात बंद होने के बाद अब खबर है कि ईरान के पास इतना तेल जमा हो गया है कि रखने की ही जगह नहीं है।




## नेपाली एयरलाइंस ने नेटवर्क मैप में जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया, बवाल मचने पर मांगी माफी

» **काठमांडू, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**

नेपाल की सरकारी स्वामित्व वाली नेपाल एयरलाइंस ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर साझा किए गए अपने नेटवर्क मैप में भारत के जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाने पर माफी मांगी है। एयरलाइन ने इसे एक त्रुटि बताते हुए खेद व्यक्त किया और कहा कि यह गलती अनजाने में हुई। दरअसल यह नेटवर्क मैप एक दिन पहले सोशल मीडिया पर साझा किया गया था, जिसमें जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया गया था। एयरलाइन ने स्पष्ट किया कि इस तरह की गलती को सुधारा जा रहा है और भविष्य में ऐसी त्रुटि न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मैप की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इसकी कड़ी आलोचना शुरू हो गई। एयरलाइन ने सोशल मीडिया पर कहा, 'हम हाल ही में हमारे सोशल मीडिया चैनल पर शेयर किए गए नेटवर्क मैप में हुई गलती के लिए सच में माफी मांगते हैं।

## दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया ऊर्जा आपूर्ति स्थिर रखने पर सहमत

» **सोल, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**



दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष राजनयिकों ने गुरुवार को बैठक कर डीजल और अन्य ऊर्जा संसाधनों की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। यह फैसला पश्चिम एशिया में जारी संकट से वैश्विक सप्लाई पर पड़े असर के बीच लिया गया।

दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो 'ून और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग के बीच सोल में हुई बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया। इसमें उच्चस्तरीय संपर्क, आर्थिक सुरक्षा, रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों को शामिल किया गया।

दोनों देशों ने पश्चिम एशिया की स्थिति को लेकर चिंता जताई और कहा कि इसका असर ऊर्जा, संसाधनों और जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति पर पड़ रहा है। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने और डीजल, तरल ईंधन, तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और कंडेन्सेट की स्थिर आपूर्ति बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। संयुक्त बयान में कहा गया कि संभावित आपूर्ति बाधाओं की स्थिति में दोनों देश एक-दूसरे को जानकारी देंगे और परामर्श करेंगे। इसके अलावा, क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने, ऊर्जा परिवर्तन को तेज करने और ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने पर भी सहमति बनी। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया को एलएनजी का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है और कंडेन्सेट व महत्वपूर्ण खनिजों का भी प्रमुख स्त्रोत है। वहीं दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया को डीजल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। पश्चिम एशिया में फरवरी के अंत से बढ़े संघर्ष और ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों के बाद स्थिति और तनावपूर्ण हो गई है। इसके चलते वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हुई है और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जैसे अहम समुद्री मार्ग पर भी असर पड़ा है। बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। खासतौर पर हनवा एयरोस्पेस के ऑस्ट्रेलिया में स्थापित मैन्युफैक्चरिंग केंद्र के आधार पर आगे सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। यह इकाई 2024 से जीलॉन्ग में के9 होवित्जर और के10 गोला-बारूद वाहनों का उत्पादन कर रही है।

## ट्रंप ने ठुकराया नया ऑफर कहा- सूअर की तरह छटपटा रहा ईरान

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 30 अप्रैल।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ अपने आक्रामक रुख को और कड़ा करते हुए एक विवादित बयान दिया है। ट्रंप ने ईरान की वर्तमान स्थिति की तुलना एक स्टफ्ड पिग (भरवां सूअर) से करते हुए कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में अमेरिकी नाकेबंदी के कारण ईरान का दम घुट रहा है। ट्रंप का यह बयान विश्व के सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में से एक, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जारी तनाव के बीच आया है, जहाँ अमेरिका ने ईरानी तेल निर्यात को पूरी तरह ठप करने के उद्देश्य से कड़ी घेराबंदी कर रखी है।

बुधवार को दिए एक इंटरव्यू में राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट किया कि जब तक ईरान परमाणु समझौते के लिए उनकी शर्तों पर तैयार नहीं होता, तब तक स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की नाकेबंदी नहीं हटाई जाएगी। उन्होंने ईरान द्वारा दिए गए उस नए प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया, जिसमें ईरान ने होर्मुज से प्रतिबंध हटाने के बदले तत्काल युद्धविराम का सुझाव दिया था। ट्रंप ने कड़े लहजे में कहा, नाकेबंदी बमबारी से कहीं अधिक असरदार साबित हो रही है। ईरान के हालात अब और खराब होने वाले हैं, क्योंकि मैं उन्हें किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दूंगा। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिकी कार्रवाई के चलते ईरान अपना तेल निर्यात नहीं कर पा रहा है, जिससे वहां की स्टोरेज फैसिलिटी और पाइपलाइनें फटने की कगार पर हैं। कुछ रिपोट्र्स का हवाला देते हुए बताया गया है कि ईरान के पास अब तेल भंडारण के लिए केवल 12 से 22 दिनों की जगह शेष बची है। ट्रंप ने संकेत दिए कि वे अब और अच्छे इंसान बनकर नहीं रह सकते और बातचीत में आ रही रुकावट को दूर करने के लिए सैन्य दबाव का सहारा लिया जा सकता है। दूसरी ओर, ईरान ने इन धमकियों का कड़ा जवाब दिया है। ईरान के सुरक्षा सूत्रों और संसद के स्पीकर गालिबफ ने स्पष्ट किया है कि वे अमेरिका की इन चालबाजियों के आगे झुकने वाले नहीं हैं। ईरान ने दोटूक कहा है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर किसी भी दबाव में समझौता नहीं करेगा और अमेरिकी नाकेबंदी का जल्द ही ठोस जवाब दिया जाएगा। फिलहाल, दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रास्ते बंद नजर आ रहे हैं और तनाव चरम पर पहुंच गया है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *